WE ARE YOUR DOL

NEW YORK STATE | Department of Labor

www.labor.ny.gov

रोज़गार के हफ्तों के आधार पर दर की माँग के लिए निर्देश

आपके लाभ और साप्ताहिक लाभ दर की पात्रता को आपकी आधारभूत अवधि में आपके उच्च कैलेन्डर तिमाही) कमाई का इस्तेमाल करने वाले एक फॉर्मूला के आधार पर स्थापित किया गया है। आपके रोज़गार इतिहास के आधार पर, आप अपने औसत साप्ताहिक वेतन के आधे पर आधारित उच्चतर साप्ताहिक लाभ के लिए पात्र हो सकते हैं। आपकी साप्ताहिक लाभ दर की समीक्षा की माँग करने के लिए, निम्नलिखित में से सभी लागू होने चाहिए:

- आपकी माँग आपके नवीनतम वित्तीय लाभ निर्धाण के दस कैलेन्डर दिनों के भीतर प्राप्त होनी चाहिए।
- आपकी आधार अवधि की स्थापना तय होनी चाहिए।
- अपनी आधार अवधि में आप कम से कम 20 सप्ताह तक काम पर होने चाहिए। कार्य सप्ताह को सोमवार से रविवार की एक अवधि के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसके दौरान आपको New York State Unemployment Insurance Law (न्यूयॉर्क राज्य बेरोज़गारी बीमा कानून) के तहत कवर होने वाले किसी नियोक्ता द्वारा रोज़गार के लिए प्रतिफल का भुगतान किया गया होना चाहिए।
- आपको अपनी **सभी** आधार अवधि सप्ताहों के रोज़गार और वेतन के साक्ष्य प्रदान करने होंगे। स्वीकार्य साक्ष्यों में पेचेक स्टब, पेरोल लिफाफे या कैंसल किए गए चेक शामिल हैं। आपके साक्ष्य में नियोक्ता का नाम, भुगतान की अवधि/भुगतान की तिथि, वेतन और आपका नाम और/या सोशल सिक्योरिटी नंबर होना चाहिए। किसी भी स्थिति में आपके स्वीकार्य साक्ष्य के आधार पर गिनी गई लाभ की दर वर्तमान में प्रभावी अधिकतम लाभ दर से अधिक नहीं हो सकती है।
- आपके औसत साप्ताहिक वेतन के आधे पर आधारित लाभ की दर आपके नवीनतम आर्थिक लाभ निर्धारण फॉर्म पर रिपोर्ट की गई त्रिमासिक कमाई फॉर्मूला पर आधारित साप्ताहिक लाभ राशि से कम से कम **$5.00** अधिक होनी चाहिए।

रोज़गार के हफ्तों के आधार पर दर की माँग पुनर्विचार की माँग से अलग है। पुनर्विचार की माँग के बारे में दावेदार की हैंडबुक के खंड 4 में बात की गई है: “हर हफ्ते मुझे लाभ में कितना मिलेगा?” जब तक आप इस्तेमाल के लिए आधार अवधि निर्धारित न कर लें और किसी भी पुनर्विचार की माँग पर निर्धारण जारी न किया गया हो तब तक रोज़गार के हफ्तों पर आधारित दर की माँग नहीं की जा सकती है।

ऊलटी तरफ रोज़गार के सप्ताहों के आधार पर दर की माँग के भरे हुए फॉर्म का उदाहरण है। उदाहरण मानता है कि 2017 की 4थी तिमाही में एक लाभ का दावा दायर किया गया था और यह नियोक्ता द्वारा New York State Wage Reporting (न्यूयॉर्क राज्य वेतन रिपोर्टिंग) प्रणाली में आधार अवधि 1 जुलाई 2016 से 30 जून 2017 के लिए था।

नियोक्ता	वेतन				आधार अवधि
	2/2017	1/2017	4/2016	3/2016	
Good Construction, Inc.	$5,000	$6,594	$7,812	$1,375	$20,781
Better Construction, Inc.	$640				$640
Best Construction, Inc.				$6,440	$6,440
कुल	$5,640	$6,594	$7,812	$7,815	$27,861

तिमाही के छब्बीस (1/26) उच्च वेतन पर आधारित दर है $300। उच्च तिमाही में $3,575 या कम वेतन वालों के लिए, साप्ताहिक लाभ दर एक बटा पच्चीस (1/25) पर आधारित है।

साप्ताहिक रोज़गार और वेतन के डेटा पर आधारित दर जैसा कि स्वीकार्य साक्ष्य द्वारा साबित होता है, $309 है। (निर्देशों के पृष्ठ 2 पर दी हुई गणना को देखें।)

नोट: अगर आपने एक या अधिक सप्ताहों के लिए एक ही सप्ताह में एक से अधिक नियोक्ता के लिए काम किया हो, तो आपको पहले रोज़गार के हफ्तों के आधार पर दर की माँग के पीछे दिए भाग 2 को भरना होगा। नीचे दिए उदाहरण में, पंक्ति **F** में सप्ताहों की कुल संख्या आधार अवधि में समवर्ती नौकरी के कारण पंक्ति **E** में दिखाए गए सप्ताहों के योग से कम है।

उदाहरण - रोज़गार के हफ्तों के आधार पर दर की माँग

A. नियोक्ता का नाम और पता	B. भुगतान अवधि की लंबाई; यानी कि साप्ताहिक, द्विसाप्ताहिक, आदि	C. आधार अवधि के दौरान भुगतान किए गए कुल सप्ताह	D. आधार अवधि के दौरान चुकाया गया कुल वेतन
1. Good Construction, Inc. Anytown, NY 10101	द्वि-साप्ताहिक	43	$ 20.781
2. Better Construction, Inc. Anytown, NY 10101	द्वि-साप्ताहिक	2	$ 640
3. Best Construction, Inc. Anytown, NY 10101	साप्ताहिक	8	$ 6,440
4.			
5.			
6.			
ID #:			
E. आधार अवधि में काम किए कुल सप्ताह और वेतन		53	$ 27,861
F. भाग 2 में से काम किए कुल सप्ताह		45	

G. पुनर्गणना फॉर्मूला का उदाहरण

1. गणना करने के लिए कुल वेतन को कुल सप्ताहों से विभाजित कर दें (पंक्ति **E** या **F** में से जो भी कम हो)
   औसत साप्ताहिक वेतन ……………………………………………………………..............................……$ 619.13
2. औसत साप्ताहिक वेतन को 2 से विभाजित करके अपनी प्रस्तावित दर पर आएं, जो कि
   सप्ताहों और वेतन पर आधारित है। दर $504 से ज्यादा नहीं हो सकती है…………………………….……..…….$ 309.57
3. अपने पिछले T402 वित्तीय लाभ निर्धारण फॉर्म में से अपनी मौजूदा लाभ दर दर्ज करें…………………………….$300.00
4. पंक्ति 3 को पंक्ति 2 में से घटा दें। सप्ताहों और वेतन के आधार पर पुनर्गणना की गई दर पाने के
   लिए राशि $5 या अधिक होनी **ही** चाहिए…......…………………………..……….…..$ 9.57

उदाहरण

	1	2	3	4	5	6	7	8	9	*	40	41	42	43	44	45	46	47	48	49	50	51	52
हफ्ते → **नियोक्ता ↓**	7/03/16	7/10/16	7/17/16	7/24/16	7/31/16	8/07/16	8/14/16	8/21/16	8/28/16		4/02/17	4/09/17	4/16/17	4/23/17	4/30/17	5/07/17	5/14/17	5/21/17	5/28/17	6/04/17	6/11/17	6/18/17	6/25/17
A				✓	✓	✓	✓	✓	✓		✓	✓	✓	✓			✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
B																				✓	✓		
C	✓	✓		✓	✓	✓	✓	✓	✓														
आदि																							
			X												X	X							

कुँजी:	
X	= कोई काम उपलब्ध नहीं था
*	= सप्ताह 10-39; "A" के लिए 26 सप्ताह कहा गया

सकल सप्ताह	53
समवर्ती सप्ताह	8
निवल हफ्ते	45